Total Pages : 8

K-418

Shastri (Part-I) Examination, 2022

आधार पाठ्यक्रम

[प्रथम प्रश्नपत्रम]

(भाषा ज्ञान हिन्दी)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Passing Marks : 25

निर्देश : प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है। अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

1. (क) अनुवाद क्या है? इसके कितने रूप हैं? एक अच्छे अनुवादक की प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। [8]

   (ख) पल्लवन की परिभाषा लिखते हुए पल्लवन के महत्त्व एवं उपयोगिता का वर्णन कीजिए। [7]

अथवा

(क) पत्र लेखन से आप क्या समझते हैं? एक अच्छे पत्र की प्रमुख विशेषताएँ क्या-क्या होनी चाहिए?

(ख) पारिभाषिक शब्द क्या है? स्रोत के आधार पर पारिभाषिक शब्दावली के कितने प्रकार होते हैं?

2. (क) मुहावरे एवं लोकोक्ति की व्याख्या करते हुए लोकोक्ति एवं मुहावरे की विशेषता बताइए। [8]

(ख) पर्यायवाची शब्द और अनेकार्थी शब्द में क्या विभिन्नताएँ हैं? निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए- [7]

(अ) जंगल

(आ) सूर्य

(इ) पर्वत

(ई) आकाश

अथवा

(क) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :

(अ) अनुराग

(आ) कृत्रिम

(इ) जागृत

(ई) अंतरंग

(ऋ) ईर्ष्या

(उ) कृतज्ञ

(ऊ) समर्थन

(ए) उत्कर्ष

(ख) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :

(अ) श्रम से प्राप्त होने वाला

(आ) लोक कल्याण करने वाला

(इ) रात और संध्या के बीच का समय

(ई) बहुत सी भाषाओं का जानकार

(ऋ) जिसका कोई उपचार न हो

(उ) पच्चीस वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित उत्सव

(ऊ) जो कठिनाई से भेदा जा सके

3. (क) देवनागरी लिपि का नामकरण कैसे हुआ? इसकी प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। [8]

(ख) मानक भाषा किसे कहते हैं? मानक भाषा के प्रमुख लक्षणों का उल्लेख कीजिए। [7]

अथवा

(क) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालिए।

(ख) मानक, उपमानक और अमानक भाषा का उदाहरण देकर संक्षेप में समझाइए।

4. (क) कम्प्यूटर में हिन्दी का अनुप्रयोग क्या है? वर्णन कीजिए। [8]

(ख) निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी पदनाम लिखिए: [7]

(अ) Advocate General

(आ) Registrar

(इ) Inspector

(ई) Journalist

(ऋ) Project Officer

(उ) Secretary

(ऊ) Chairman

अथवा

(क) कम्प्यूटर के क्षेत्र में सूचना प्रौद्योगिकी का महत्त्व प्रतिपादित कीजिए। वर्तमान समय में इसका क्या महत्त्व है?

(ख) निम्नलिखित अंग्रेजी शब्दों के हिन्दी पदनाम लिखिए :

(अ) Ambassador

(आ) Collector

(इ) Governor

(ई) Librarian

(ऋ) Superintendent

(उ) President

(ऊ) Engineer

5. (क) अपठित गद्यांश क्या है? अपठित गद्यांश का अर्थ, उद्देश्य एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालिए। [8]

(ख) संक्षेपण का अर्थ स्पष्ट करते हुए संक्षेपण के प्रमुख गुणों का उल्लेख कीजिए। [7]

अथवा

(क) संक्षेपण को परिभाषित करते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

(ख) निम्नलिखित अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक एवं सारांश लिखिए:

भारत का पर्वतीय सौंदर्य अलौकिक है। उत्तर दिशा में दूर-दूर तक पर्वत श्रृंखलाएँ फैली हुई हैं। उसकी गगनचुंबी चोटियों पर बादल मंडराते हैं तथा बर्फ गिरती रहती है। विविध मौसम गर्मी, शरद एवं वर्षा एक साथ चलते रहते हैं। झर-झर झरने प्रवाहित होते रहते हैं, नदियों के उद्‌गम स्रोतों की कल-कल ध्वनि गूंजती रहती है। ऋषि-मुनि यहाँ पर एकांत साधना में मगन रहते हैं। इधर-उधर उगी हुई घास तथा देवदार, चीड़ आदि के लंबे-लंबे वृक्ष इस प्रदेश में हरीतिका व्याप्त करते हैं। प्रातः सायंकाल सूर्य पर्वत श्रृंगों पर वार्षिक, गुलाबी, लाल एवं विकीर्ण कर प्रकृति सुंदरी को पूजता है। रात्रि में चंद्रमा शुद्ध, शीतल एवं मनोहारिणी चाँदनी से प्रकृति के तन का श्रृंगार करता है।

------×------